



# समृद्धि जीनिंग के तौल कांटे में 4 क्विंटल मक्का का अंतर

## किसानों का हंगामा, तौल कांटा सील



**सेंधवा,** । वरला रोड स्थित समृद्धि जिनिंग के तौल कांटे पर किसानों ने तुलाई में भारी गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया। किसानों के अनुसार व्यापारी द्वारा तौल कांटे में हेराफेरी कर 2 से 4 क्विंटल तक मक्का कम बताया गया। किसानों के हंगामे की सूचना मिलते ही मंडी सचिव सुमन बडोले मौके पर पहुंची। उन्होंने पंचनामा तैयार किया, किसानों के बयान लिए और तौल कांटे को तत्काल प्रभाव से सील किया।

### यहां किसानों के साथ लूट हो रही

सूचना पर पहुंचे जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सिलदार सोलंकी ने बताया कि किसान मक्का लेकर पहुंचे थे। भरे और खाली ट्रैक्टर की तुलाई में असामान्य अंतर मिला। किसानों को संदेह होने पर उन्होंने बाहर दूसरे तौल कांटे पर खाली ट्रैक्टर का वजन कराया, जहां करीब चार क्विंटल का अंतर पाया गया। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सिलदार सोलंकी ने कहा कि यहां किसानों के साथ लूट की जा रही है। उनकी मांग है कि संबंधित व्यापारी पर एफआईआर दर्ज की जाए और अब तक खरीदी गई उपज की जांच कर किसानों को उचित राशि वापस दिलाई जाए।

### वेरीफिकेशन प्रक्रिया पर सवाल

जिलाध्यक्ष सिलदार सोलंकी ने बताया कि व्यापारी के तौल कांटे का 25 नवंबर को वेरीफिकेशन किया था। उनका कहना है कि जिसने वेरीफिकेशन किया, उसने भी कथित रूप से रुपए लेकर गड़बड़ी वाले तौल कांटे को पास कर दिया। सिलदार सोलंकी ने मांग की कि वेरीफिकेशन करने वाले व्यक्ति पर भी एफआईआर दर्ज की जाए। व्यापारी प्रखर मित्तल ने तौल कांटे में तकनीकि गड़बड़ी की बात कही है। मंडी सचिव सुमन बडोले ने बताया कि शिकायत में तौल में अंतर उजागर हुआ है। जांच के आधार पर व्यापारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया भी की जाएगी।

**कम बताया मक्का**
- किसानों ने कहा 2 से 4 क्विंटल कम बताया मक्का।
- सचिव ने बनाया पंचनामा।

## सावधानी एवं सुरक्षा को लेकर कर रहे जागरूक



**पानसेमल।** क्षेत्र के ग्राम घरडगांव निवासी गोपाल भंडारी द्वारा आमजनों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उनके विभिन्न ग्रामों में सामाजिक कार्यक्रमों में हेलमेट के फायदे बताकर हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों के पालन करने की अपील की जा रही है। गोपाल भंडारी के साथ पूर्व विधायक दीवान सिंह पटेल ने संकल्प लिया कि हर व्यक्ति वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाए। उन्होंने ग्राम आमदा में आयोजित 12वीं के कार्यक्रम में भी हेलमेट और सुरक्षा के अन्य विषयों पर आवश्यक चर्चा की। ग्राम बंधारा बुजुर्ग में इंदल कार्यक्रम में प्रसाद ग्रहण करने के बाद भी लोगों को बाइक पर चलने के दौरान हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया। उपस्थित ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह प्रयास समाज में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए किया जा रहा है। शासन द्वारा भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, फिर भी जनजागरूकता की अभी आवश्यकता बनी हुई है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। सभी से निवेदन है कि स्वयं भी हेलमेट पहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।

## 3 दिन से भटक रही महिला को मिलाया

**बड़वानी।** तीन दिन पहले घर से बहन से मिलने के लिए निकली महिला भटकते हुए बुधवार दोपहर 3 बजे शहर के नवलपुरा में बैठी थी। जो रात 9 बजे तक बैठी रही। स्थानीय निवासी दत्तू राठौर ने रात होने से अकेली महिला की चिंता कर मानवीय आधार पर सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को अवगत कराया। जिस पर जैन और रोटरी क्लब सचिव ललित जैन तत्काल नवलपुरा पहुंचे। जैन ने कहा कि महिला थोड़ी मंदबुद्धि होने से जानकारी सही सांझा नहीं करा पाने के कारण महिला के साथ कोई अनहोनी न हो इसलिए उसे रेन बसेरा में रुकवाया। जहां के सेवादार सौरभ यादव, रितेश वास्कले और राहुल यादव के सहयोग से भोजन कराने के बाद जैन बंधुओं ने महिला से परिजनों की जानकारी पूछी तो महिला ने अपना नाम पूनी और ग्राम का नाम बमनाली बताया। जिस पर जैन बंधुओं ने बमनाली के सरपंच के पुत्र ज्ञानसिंग को महिला की फोटो और जानकारी सांझा की, तो उन्होंने बताया कि महिला मोरकट्टा की। तब जाकर महिला के पिता से संपर्क कर बुलाया। पिता ने बताया कि बेटी थोड़ी मंदबुद्धि और घर से 3 दिन पहले निकली थी, जिसे हमने ढुंढने की कोशिश भी की, लेकिन हमें नहीं मिली। पिता ने बेटी के मिलने पर जैन बंधुओं और रेनबसरे के कर्मचरियों का धन्यवाद दिया और बेटी को ले गए। अजित जैन ने परिजनों को शासकीय अस्पताल में मानसिक चिकित्सक से ईलाज के लिए प्रेरित किया। बेटी को लेने पिता, भाई और ग्रामवासियों के साथ बिजासन के जपं सदस्य सीताराम अवाश्या भी आए थे। अजित जैन ने बताया कि अब तक 232 भटकते हुए लोगों को परिजनों से मिलाने में सफलता मिली है।

## एक दिन में 918 दोपहिया वाहनों के चालान

इंदौर. शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती लगातार जारी है. विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट चलने वाले 918 दोपहिया चालकों के चालान बनाए है. अधिकारियों का कहना हैं कि शहर में लगातार ऐसे अभियान चलते रहेंगे, ताकि लोग यातायात नियमों को गंभीरता से लें. पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अपनी तथा परिवार की सुरक्षा के लिए हर सफर में हेलमेट जरूर पहनें. सड़क पर सुरक्षा को प्राथमिकता देने से ही दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों और मौतों पर रोक लगाई जा सकती है.

## प्रतिबंधित चायनीज मांझा बेचते महिला पकड़ाई

इंदौर. बाणगंगा पुलिस ने भागीरथपुरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक दुकान से प्रतिबंधित चायनीज मांझा जप्त कर दुकान संचालित करने वाली महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर शाम करीब 4 बजे मेन रोड भागीरथपुरा स्थित एक पतंग दुकान पर दबिश दी गई. यहां 60 वर्षीय किरन वर्मा द्वारा चायनीज मांझा बेचा जा रहा था. पुलिस टीम ने मौके से सात चकरा मांजा जप्त किया. जप्ती की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग 'ई-साक्ष्य' ऐप के माध्यम से की गई. प्रतिबंधित सामग्री बेचने पर किरन वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## अभा साहित्य परिषद की काव्य एवं चिंतन गोष्ठी संपन्न

महू. आर्य समाज सभा भवन में अभा साहित्य परिषद की महू इकाई एवं अर्चना हिन्दी साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में चिंतन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें अंतरराष्ट्रीय वैदिक वक्ता प्रकाश आर्य मुख्य अतिथि थे. अध्यक्षता समाजसेवी आर्य राधेश्याम बियाणी ने की. इस अवसर पर अर्चना साहित्य संस्था के अध्यक्ष एवं समाजवादी दृष्टि अखबार के संपादक आर्य रामलाल प्रजापति का उनके 74वें जन्म दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया. तत्पश्चात चिंतन गोष्ठी हुई, जिसमें प्रकाश आर्य, डॉ. उषा किरण त्रिपाठी एवं आर्य रामलाल प्रजापति ने मनुष्य जीवन पर विस्तार से चर्चा की गई. रंगकर्मी पवन निम व बैंक अधिकारी कमलकांत भालेवाड़ीकर ने भी अपने सार्थक विचार रखे. दूसरे सत्र में सार्थक काव्य गोष्ठी में धीरेन्द्र जोशी, रमेश जैन राही, गजानन पाटीदार, राम पटेरिया, हरीश सोडाणी, नीरज शर्मा, डॉ. संध्या दवे, हरीश वर्मा हंस, मित्रा शर्मा, पायल परदेसी एवं द्रोणाचार्य दुबे ने कविता पाठ किया. हरिशंकर विजयवर्गीय, रवि वर्मा, महेश बंटालू, अश्विनी शर्मा, आशीष आर्य, राजकुमार प्रजापति, भागीरथ प्रजापति, सचिन प्रजापति, उत्कर्ष उपाध्याय आदि भी उपस्थित रहे. संचालन द्रोणाचार्य दुबे तथा धीरेन्द्र जोशी ने किया. आभार प्रदर्शन आर्य रामलाल प्रजापति ने किया.

## हरसोला में 7वां खाटू श्याम महोत्सव 13 को

महू. ग्राम हरसोला स्थित हॉट मैदान पर 13 दिसंबर को बाबा खाटू श्याम के 7वें वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति के उत्सव डोडिया ने बताया कि इस बार जिले में पहली बार ऐसा आयोजन हो रहा है, जहां बाबा श्याम हाथी पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे. गांव के दामपुरा से दोपहर 1 बजे निशान यात्रा निकलेगी, जिसमें राधाकृष्ण का नृत्य, भगवान हनुमान की सवारी, ऊंट-घोड़े के साथ झाबुआ की आदिवासी टोलियों का नृत्य डीजे-बाजे आदि आकर्षण का केंद्र रहेंगे. शाम 7 बजे आरती के बाद शुरू होने वाले महोत्सव में शुभम राणा, तृप्ति लड्ढा एवं हर्ष डोडिया बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे. आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से भजन संध्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है.


## शोभा यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ 13 से

महू. श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ 13 दिसंबर को होगा. इससे पूर्व दोपहर 1 बजे से नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी. इसमें बाजे-गाजे के साथ बग्घी में महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज एवं भागवताचार्य साध्वी कृष्णानंद विराजमान रहेंगे. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष सफेद वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र पहनकर शामिल होंगे. आयोजक एवं परामर्शदाता प्रेमचंद मन्नालाल गोयल, नितिन अग्रवाल, विजय मन्नालाल गोयल, शैलेन्द्र सिंघल, अरविंद बागड़ी राजेश बंसल, हरीशचंद्र सिंघल, जितिन गोयल, किशोर गोयल और श्याम अग्रवाल हैं, जो आयोजन की समस्त व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं. जानकारी मीडिया प्रभारी विजय कुमार विजयवर्गीय ने दी.

## लोडिंग वाहन में ठूंसकर ले जा रहे थे सात गोवंश, पुलिस ने पकड़ा

इंदौर. रालामंडल क्षेत्र में एक लोडिंग वाहन से सात गोवंश को अमानवीय तरीके से ले जाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधित पशु परिवहन का मामला दर्ज किया है.

# 15 को लगेगा नि :शुल्क जांच शिविर




**बड़वानी, ( नवभारत )।** लायंस क्लब बड़वानी सिटी और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। महेश जोशी ने बताया कि शिविर में चयनित मरीजों के नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण इंदौर में चोईथराम नेत्र चिकित्सालय में किए जाएंगे।

डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने कहा कि शिविर में चयनित मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा जाएगा। मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन होंगे। मरीज शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच रिपोर्ट यदि हो तो लेकर आए। महिला मरीज सिर के बाल धोकर आए।

शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक ही रहेगा। यह शिविर केवल मोतियाबिंद के मरीजों के लिए रहेगा। नेत्र अस्पताल द्वारा लैंस, चश्मेए दवाइयां नि:शुल्क दिए जाएंगे। लायंस क्लब बड़वानी द्वारा शिविर वाले दिन नि:शुल्क भोजन कराया जाएगा। क्लब सदस्यों ने इस नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## आहिरे जिलाध्यक्ष नियुक्त




**निवाली।** मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ भोपाल ने धनराज आहिरे को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर आहिरे को मनोनित किया। बैठक में बड़वानी जिले के पदाधिकारी एवं तहसील अध्यक्ष उपस्थित थे। सदस्यों ने आहिरे शास कवि को प्रस्ताव पारित किया। प्रत्यक्ष आगामी निर्वाचन होने तक अहिरे को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। भगीरथ कुमरावत, लक्ष्मण बरड़े, प्रमोद यादव, नन्नू सोनी ने बधाई दी।

## आचार्य विनम्र सागर संघ सहित 20 मुनि आर्यिका का मंगल प्रवेश



**बड़वानी।** दिगंबर जैन समाज के राष्ट्र संत उत्कृष्ट समाधि धारक गणआचार्य विराग सागर महा मुनिराज के शिष्य उच्चारणाचार्य भक्तामर महोदधि विनम्र सागर का गुरूवार शाम को नवलपुरा की ओर से भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य संघ का इंदौर में भव्य चातुर्मास के बाद इंदौर से पद विहार कर पूरे संघ के साथ बावनगजा सिद्ध क्षेत्र और मांगीतुंगी, गजपंथ तीर्थ क्षेत्र की ओर वंदना के निमित्त बिहार चल रहा है। समाज के महिला, युवा, पुरुष और बच्चों ने भव्य आगवानी कर मुनि संघ के पाद प्रक्षालन कर रंगोली सजा कर वंदन वार लगा कर बैंड-बाजों के साथ आगवानी की श्रीफल चढ़ा कर आशीर्वाद लिया। मनीष जैन ने बताया 12 तारीख शाम को बावनगजा में आचार्य संघ का भव्य मंगल प्रवेश होगा। ट्रस्ट कमेटी भव्य आगवानी करेगी और समस्त मुनि भक्तों से शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आचार्य का यह पहली बार इस क्षेत्र में आगमन हुआ है।

# गोंगवाड़ा के ग्रामीण बीजेपी में शामिल



**पानसेमल, 12 दिसम्बर**

विधानसभा का ग्राम गोंगवाड़ा जो लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। वहां के ग्रामीण बीजेपी में शामिल हुए हैं। विधायक श्याम बर्डे ने कहा देश के पीएम नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई का रही जनहितैषी, पारदर्शी एवं विकासोन्मुख योजनाओं से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने भाजपा के साथ जुड़ने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने ग्राम विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, किसान-गरीब कल्याण सहित अनेक क्षेत्रों में केंद्र एवं प्रदेश सरकार के लगातार किए जा रहे कार्यों पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा की सेवा, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक विचारधारा को अपनाने का निर्णय लिया।भाजपा परिवार में शामिल सदस्यों का विधायक ने सहृदय स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा आप सभी के जुड़ने से संगठन और भी मजबूत होगा तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस दौरान साहेबराव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, चन्द्रकान्त महाजन मंडल अध्यक्ष, रामेश्वर रावत, जनपद सदस्य जगदीश भंडारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय निकुम, वरिष्ठ नेता श्याम हरसोला, धन्ना पटेल, सरपंच प्रतिनिधि, सकाराम भंडारी, अशोक भंडारी, सुनील ठाकुर, राजल भंडारी, भाईदास चौहान, श्याम पटेल, सुभाष चौहान, जंतरसिंह ठाकुर, भीमराव पटेल, खण्डा चौहान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**विकास को प्राप्त होगी गति**

विधायक ने कहा आप सभी के जुड़ने से संगठन और भी मजबूत होगा तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# सूर्यदेव नगर में आधा दर्जन वाहन तोड़े, आरोपियों का सुराग नहीं

- खड़ी गाड़ियों पर नहीं थम रहे आगजनी और तोड़फोड़ के मामले

इंदौर. शहर में खड़ी गाड़ियों पर पथराव और आगजनी जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. ऐसी वारदातें पिछले कुछ महीनों से लगभग हर माह दो तीन बार हो रही हैं, लेकिन अब तक पुलिस इन सिरफिरों पर अंकुश नहीं लगा पाई है. ताजा मामला द्वारकापुरी क्षेत्र का है, जहां बदमाशों ने देर रात कई वाहनों को निशाना बनाया और उनमें तोड़फोड़ की.

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सूर्यदेव नगर में देर रात दो बाइक पर आए कुछ युवकों ने खड़ी गाड़ियों पर पत्थर बरसाकर आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों के कांच चकनाचूर कर दिए. घटना का पता सुबह तब चला, जब लोग घरों से बाहर निकले. वे अपनी गाड़ियों की हालत देख दंग रह गए. इसके बाद सभी पीड़ित थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो चार-पांच युवक दो बाइक पर सवार दिखाई दे रहे हैं, जो रास्ते में खड़ी गाड़ियों पर पत्थर मारते नजर आए. पुलिस की एक टीम गठित कर फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश की जा रही है.

# क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले 9 स्कूली वाहन जब्त

- गश्त पर निकले एसीपी का सख्त एक्शन
- ब्रिज के नीचे जाम फैलाने वाली 14 बसों पर चालान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एसीपी जोन 3 ने सुबह यातायात व्यवस्था को लेकर बड़ी कार्रवाई की. प्रभात गश्त के दौरान एसीपी ने कई स्कूली वाहनों की जांच की. इसमें लापरवाही मिलने पर नौ वाहन मौके पर ही जब्त कर लिए. इस दौरान सभी ऑटो, वैन और मैजिक में क्षमता से अधिक बच्चे बैठाए गए थे. कई वाहनों में बच्चों के बैग बाहर की ओर लटक रहे थे, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ था.**




एसीपी ने मधुमिलन, ढक्कनवाला कुआं, गीता भवन और कृषि महाविद्यालय क्षेत्र में कार्रवाई की. उन्होंने बच्चों को सुरक्षित स्कूल भिजवाने के बाद सभी वाहनों को यातायात थाने पहुंचाकर आगे की कार्रवाई शुरू करवाई. उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले भी एसीपी मुवेल ने दो स्कूली वैन जप्त की थीं, जिनमें 17-17 बच्चे भरे मिले थे.

**बस को किया जब्त**

तीन इमली ब्रिज के नीचे जाम लगाने वाली बसों पर भी एसीपी ने कार्रवाई की. जांच के दौरान मूसाखेड़ी और तीन इमली क्षेत्र में बसों की अनियमितता पर भी एसीपी ने कदम उठाए. इस दौरान जहां 14 बसों के चालान बनाए, वहीं एक बस को जब्त कर लिया. रीवा और ग्वालियर रूट की इन बसों पर लगातार शिकायत मिल रही थी कि ये तीन इमली ब्रिज के नीचे सवारियां भरने के लिए खड़ी हो जाती हैं, जिससे सुबह के समय भारी जाम लगता है. पुलिस के अनुसार इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी.

# बिना आईडी होटल में ठहरे थे दो युवक और दो युवतियां

- युवक-युवतियों को पुलिस द्वारा बिना कार्रवाई रवाना करने का विरोध

**इंदौर. छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में आधी रात होटल में बिना संपूर्ण पहचान पत्र ठहरे दो युवकों और दो युवतियों को पुलिस द्वारा मौके से ही भेज देने पर विवाद खड़ा हो गया है. हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस और होटल प्रबंधन की भूमिका को संदिग्ध बताकर जांच की मांग की है.**

हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के अनुसार, शनिवार रात करीब 12 बजे कश्मीर के दो युवक और जयपुर की दो युवतियां बस स्टैंड स्थित बंजारा होटल में रुके. इससे पहले दो होटलों ने दस्तावेज अधूरे होने पर इन्हें कमरा देने से मना कर दिया था, लेकिन बंजारा होटल ने इन्हें ठहरा लिया. यही नहीं, होटल रजिस्टर में सिर्फ एक कमरे की एंट्री दर्ज की गई और चार में से केवल दो लोगों की ही आईडी ली गई. सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने छोटी ग्वालटोली पुलिस को जानकारी दी. कुछ ही देर में पुलिस और बाद में क्राइम ब्रांच टीम होटल पहुंची. सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, पुलिस ने चारों को कमरे से नीचे लाकर पूछताछ की और फिर मौके से रवाना कर दिया. कार्यकर्ताओं का कहना है कि थाने में न तो घटना दर्ज की गई और न ही किसी प्रकार की पूछताछ का रिकॉर्ड मिला. होटल स्टॉफ भी आईडी संबंधी सवालों पर स्पष्ट जवाब नहीं दे सका.




**मामले की जांच की जा रही, जांच उपरांत होगी कार्रवाई**

इसके बाद दोपहर संगठन कार्यकर्ताओं ने होटल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज देखे, जिसमें रात का पूरा घटनाक्रम स्पष्ट दिखा. इसके बाद वे शिकायत लेकर थाने पहुंचे, जहां थाना प्रभारी ने आवश्यक जांच की बात कही. हिंदू संगठन ने मामले को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है. संगठन का कहना है कि बिना दस्तावेज होटल में ठहराना और पुलिस का बिना कार्रवाई चार लोगों को छोड़ देना कई गंभीर सवाल खड़े करता है. पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और फुटेज व दस्तावेजों की पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.

# नहीं थम रही शहर में चेन स्नेचिंग की वारदातें

- छह थाना क्षेत्र लगातार बने हॉट स्पॉट, कई मामले अब भी अनसुलझे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** महिलाओं के गले से चेन छीनने की घटनाएं शहर में लगातार बनी हुई हैं. कई मामलों में पुलिस आरोपियों को पकड़ने में सफल हुई है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे मामले भी हैं, जिनमें वारदात के बाद लुटेरे अब तक हाथ नहीं आए. स्थिति यह है कि कुछ थाना क्षेत्रों में लगभग हर माह एक से दो नई घटनाएं दर्ज हो रही हैं, जिससे ये इलाके चेन स्नेचिंग के स्थायी हॉट स्पॉट बन गए हैं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लसूड़िया, विजयनगर, कनाड़िया, तिलकनगर, एरोड्रम और अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र ऐसे हैं, जहां चेन स्नेचिंग के मामले सबसे अधिक सामने आते हैं. पुलिस को अधिकांश घटनाओं में आरोपी बाइक सवार युवकों के सीसीटीवी फुटेज जरूर मिलते हैं, लेकिन नकाब पहने होने की वजह से पहचान करना मुश्किल हो जाता है. कुछ मामलों में पकड़े गए लुटेरे पुराने आपराधिक रिकॉर्ड वाले ही निकले, जबकि कई प्रकरण में पुलिस अब भी आरोपियों की तलाश में है. पुलिस का दावा है कि पहचान में आए संदिग्धों की रोजाना निगरानी की जा रही है और उनके ठिकानों पर दबिश भी दी जाती है, इसके बावजूद वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं.

**निगम अधिकारियों से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक कर दी शिकायत, फिर भी दूर नहीं हुई इदरीस नगर की सीवरेज लाइन की समस्या**

# सड़कों पर फैलता सीवरेज लाइन का पानी बना लोगों की मुसीबत



**इंदौर.** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में जिस तरह से शहर की जनसंख्या बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे समस्याएं भी अपने पैर पसार रही हैं. यूं तो ओवरफ्लो सीवरेज लाइन, सड़कों पर गड्ढे, अतिक्रमण, अंदरूनी रहवासी क्षेत्रों में गंदगी और जल संकट जैसी ढेरों समस्याएं हैं. इनमें सीवरेज लाइन की समस्या से शहर वासी सर्वाधिक परेशान हैं.

यूं तो शहर के अनेक क्षेत्रों में रहवासी सीवरेज लाइन की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन मूसाखेड़ी क्षेत्र इससे सबसे ज्यादा प्रभावित है. रिंग रोड पर वार्ड 54 के इदरीस नगर की एक से चार नंबर तक गलियों में जाकर देखने में आया है कि सड़कें पूरी तरह से कीचड़ में सनी हुई हैं. जगह-जगह चैंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं,

**यह बोले रहवासी...**

सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, उनमें सीवरेज का गंदा पानी भरा रहता है. पार्षद भी नहीं आते, विधायक पानी की टंकी से होकर चले जाते हैं. कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है.

-सुंत्रो धोलिया

रहवासियों को कई वर्षों से बारहों महीनों गंदगी के बीच में वास करना पड़ रहा है. मैंने खुद ने एक महीने पहले सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कुछ निराकरण नहीं हुआ.

-अचल सक्सेना

घरों के सामने ही सीवरेज की गंदगी बहती रहती है, बच्चे खेलते हैं, वही गंदगी लेकर घर में भी आते हैं. बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, हम चाहते हैं कि बड़ी लाइन डल जाए तो इस समस्या से मुक्ति मिल सकती है.

-पुष्पा कोचले

पूरे क्षेत्र में जल्द डाली जाएगी सीवरेज लाइन-नए एसओआर आने वाले हैं, इस वजह से कार्य रुका हुआ है, जबकि टेंडर पास हो चुके हैं